अनुसंधान क्रियाविधि में शोध विषय व प्रपत्र के शीर्षक चुनना चुनौतीपूर्ण कार्यः प्रो. दिनेश दधीचि

मारकंडा नेशनल कॉलेज व आर्य कन्या महाविद्यालय, शाहाबाद मारकंडा के संयुक्त तत्वावधान में **अनुसंधान क्रियाविधि** विषय पर कार्यशाला में अनुसंधान व शोध के क्षेत्र में निपुण होने हेतु व्याख्यान में प्रोफेसर दिनेश कुमार दधीचि, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र द्वारा पकड़ बनाने पर जोर दिया जिससे उत्तम शोधार्थी बना जा सकता हैं। प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार व प्राचार्य डा. आरती त्रेहन द्वारा मुख्य अतिथि प्रो. दिनेश कुमार दधीचि को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य अशोक कुमार ने अपने संबोधन में अनुसंधान क्रियाविधि के महत्व पर प्रकाश डाला व अपने गुरु प्रो. दिनेश कुमार दधीचि का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में मंच का संचालन करते हुए डॉ. जवाहर लाल, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक द्वारा मुख्य अतिथि का परिचय समस्त प्रतिभागियों के समुख प्रेषित किया गया। प्रोफ़ेसर दिनेश दधीचि ने शोध व अनुसंधान के उत्तम कार्य, अनुसंधान क्षेत्र में होने वाली समस्याओं व समस्याओं के समाधान, शोध विषय व शोध प्रपत्र के शीर्षक चुनना, कॉपीराइट,प्लैजरिज़म आदि से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर बारीकी से विचार प्रस्तुत किए। प्रोफेसर दिनेश कुमार द्वारा शोध कार्य का व्यवहारिक प्रस्तुतीकरण, थीसिस के लेखन व थीसिस की तार्किक संरचना, साहित्य की समीक्षा व थीसिस व शोध प्रपत्र में प्रयुक्त होने वाली भाषा के स्तर, अकादमिक ग्रंथ के सामान्य दोष,ग्रंथों के प्रकार आदि पर विस्तार पूर्वक जानकारी प्रस्तुत की जिसमें मुख्यतः साहित्य, पत्रिका, छोटी कहानियां, कंप्यूटर खेल, फिल्में आदि शामिल है। प्रो. दिनेश द्वारा शोध क्षेत्र में सैद्धांतिक तरीकों, तुलनात्मक रूपरेखा, महत्वपूर्ण अवधारणाएं तथा उन में प्रयुक्त होने वाली विभिन्न मापदंडों, प्रभावों, परिणामों आदि को भी ध्यान में रखने पर विशेष सावधानियां बरतने को कहा। उन्होंने अपने वक्तव्य में शोध कार्यों में वर्तमान परिस्थितियों व साहित्य की जानकारी से संबंधित महत्वपूर्ण बातें भी सांझा की। आर्य कन्या महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन द्वारा मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए कहा कि सभी शिक्षक वर्ग को मुख्य अतिथि द्वारा बताए गए सुझाव व उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए उन्हें ग्रहण कर सफल शोधार्थी बन सकते हैं। अंत में डॉ पूनम सिवाच, आई.क्यू.ए.सी. समन्वयक, आर्य कन्या महाविद्यालय द्वारा मुख्य अतिथि का धन्यवाद घोषित किया गया। इस अवसर पर दोनों महाविद्यालय के समस्त शिक्षक वर्ग उपस्थित रहे तथा महाविद्यालय के एम. ए. अंग्रेजी के विद्यार्थी भी उपस्थित रहे।

Ashok Kumar
29.5.2023
Principal
Markanda National College
Shahabad Markanda (Haryana)